‘साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा’ अवॉर्ड

■ **बदनापुर, (सं).** साइबरसुरक्षा के लिए समाधान प्रदान करने वाली क्विक हील टेक्नोंलॉजीज की सीएसआर शाखा, क्विक हील फाउंडेशन ने पुणे में 10 फरवरी को ‘साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा अवार्ड’ की मेजबानी की. इस समारोह में उन संस्थाकनों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के उत्कृमष्टद प्रयासों को सम्माीनित किया गया, जिन्होंसने अपनी इच्छाास से ‘साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा’ की प्रमुख पहलों में भाग लिया था. पुरस्कोर समारोह में क्विक हील फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुश्री अनुपमा काटकर, जलगांव की कवयित्री बहीनाबाई चौधरी, नॉर्थ महाराष्ट्रट यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर वी. एल. माहेश्वसरी, पुण्याश्लोक अहिल्या्देवी होलकर सोलापुर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) प्रकाश ए. महानवर, महाराष्ट्रउ साइबर के एसपी श्री संजय शिंत्रे और पहलों में भाग लेने वाले 29 संस्थालनों के शिक्षक मौजूद रहे. ‘साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा’ पहल का लक्ष्यं डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा और सर्वश्रेष्ठब अभ्याहसों के महत्वौ पर जागरूकता पैदा करना और जन-साधारण को शिक्षित करना है. यह खासकर समाज में हाशिये पर खड़े वर्गों के लिये है. यह पहल साइबरसुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर 47 लाख से ज्या.दा विद्यार्थियों, शिक्षकों और आम लोगों को जागरूक कर चुकी है.इस पहल के तहत फाउंडेशन ने ‘अर्न एण्ड लर्न’ प्रोग्राम पेश किया है, जिसका मकसद देश के युवाओं को सशक्तं करना है.